दिन–बुधवार दिनांक– 22 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उम्मीदवार कल तक अपना नामांकन का पर्चा वापस ले सकते हैं। इस चरण में ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है।

———————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज के हथुआ में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि दो हजार पांच में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने बिहार के विकास के लिए कई काम किये। महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की गयी। कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ और राज्य के विकास को नई रफ्तार मिली। श्री कुमार ने लोगों से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यारव ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर सभी संविदाकर्मियों को स्थाई किया जाएगा। आज पटना में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों को भी स्थाई दर्जा दिया जाएगा और उनका वेतन दस हजार रुपये से बढ़ाकर तीस हजार रुपये कर दिया जाएगा। साथ ही जीविका दीदी के सभी कैडर का पांच लाख रुपये तक का बीमा करवाया जाएगा। श्री यादव ने हर घर सरकारी नौकरी के वायदे को भी दोहराया।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि अगर एनडीए सत्ता में लौटता है, तो राज्य में विकास की गति और तेज़ होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार की जनता एक बार फिर विधानसभा चुनाव में एनडीए को स्पष्ट बहुमत देगी।

———————————————————————

लोक जशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सीट बंटवारे के फॉर्मूले को लेकर महागठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता समझ गई है कि अगर महागठबंधन पाँच दलों को एक साथ नहीं रख सकता, तो वह बिहार को एकजुट भी नहीं रख पाएगा। उन्होंने दावा किया कि अगले महीने की चौदह तारीख को एनडीए राज्य में सरकार बनाएगा।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने विधानसभा चुनाव के लिए चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, सांसद शाम्भवी चौधरी और अरूण भारती समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने बीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, शंकर झा आजाद, राजीव कुमार जायसवाल और फजल इमाम मल्लिक समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

———————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा है कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री गहलोत ने कहा कि इतने बड़े गठबंधन में कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाईट की स्थिति बनना सामान्य बात है।

———————————————————————————

गोवर्धन पूजा का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गौपालक अपने गायों की पूजा कर रहे हैं। कई जगहों पर पारम्परिक खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को गोवार्धन पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

प्रदेशभर में छठ महापर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार पटना नगर निगम क्षेत्र में एक सौ तिरेपन घाटों और तालाबों पर छठव्रती अर्घ्य अर्पित करेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि घाटों तक एप्रोच रोड बनाए जा रहे हैं और बांस–बल्लों से बैरिकेडिंग की जा रही है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि प्रशासन के स्तर पर छठ घाटों की तैयारियों को लेकर तेजी से काम चल रहा है।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के तारण पुल के बकरा नदी में स्नान के दौरान पानी की तेज धार की चपेट में आने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। तीनों शव को बरामद कर लिया गया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।